# खेतों और फसलों को चाहिए पानी

## बरसात नहीं होने से खेतों में निकल आई दरारें

**नवभारत/ नरसिंहपुर/ तेंदूखेड़ा** इन दिनों मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है।अभी तक पिछले साल की अपेक्षा बहुत ही कम वारिस हो पाई है।इस वारिस से पूरे साल का हिसाब बनता बिगड़ता है।यदि यही स्थिति रही तो आने वाले समय में गंभीर स्थिति निर्मित हो जायेगी। बरसात के पानी को सहेजने की नितांत आवश्यकता हो गई है। जानकार किसानों का कहना है कि अभी धान की रोपाई के लिए पर्याप्त पानी की जरूरत है। स्थिति यह देखने को मिल रही है कि बरसात जैसे समय में भी विद्युत मोटर पंपों का सहारा लेना पड़ रहा है। जुलाई माह



भी आधे से ज्यादा निकल जाने के बाद अगस्त और सितंबर माह में ही बारिस पर नजरें लगी हुई है।

### ग्रोथ नहीं कर पा रही है खरीफ की फसल

इस वर्ष वारिस लेट होने के साथ पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिलने से मक्का की फसल को उचित माहौल ना मिल पाने के कारण फसल ग्रोथ नहीं कर पा रही है।नींदा नाशक डालने के बाद भी कचड़ा बड़ी संख्या में बढ़ रहा है।इस वर्ष तुअर का रकबा भी बढ़ा हुआ है। लेकिन उसकी पत्ती में भी कीड़े दिखाई दे रहे हैं।लेट वारिस के कारण क्रांति धान के साथ साथ उड़द का भी रकवा बढ़ रहा है।लेकिन अन्य फसलों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिलने और लगातार धूप निकलने के कारण फसलों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। अन्य प्रजातियों की धान को पर्याप्त मात्रा में पानी ना मिल पाने के कारण मचाई करके धान का रोपण भी नहीं हो पा रहा है।

### फसल की उपज का नहीं हो पाता है विकास

हमारे प्रतिनिधि को जानकार कृषकों ने बताया कि धान की फसल में यदि बारिश कम होती है या समय पर पानी नहीं मिलता तो इसका असर फसल की हर अवस्था पर पड़ता है। धान पानी पसंद करने वाली फसल है। इसलिए लंबे समय तक नमी की कमी से उत्पादन काफी घट सकता है।अंकुरण और रोपाई के समय बीज का अंकुरण कम होता है। पौधे अच्छी तरह स्थापित नहीं हो पाते।पौधों की संख्या कम हो जाती है। जड़ों का विकास कमजोर रहता है।

## व्यावसायिक वाहनों से उपभोक्ता शुल्क का संग्रह जारी रहेगा

**नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम (एमपीआरडीसी) ने आमजन एवं वाहन स्वामियों को सूचित किया है कि पिपरियाङ्कनरसिंहपुरङ्कशहपुरा मार्ग पर व्यावसायिक वाहनों से उपभोक्ता शुल्क (यूजर फीस) का संग्रह पूर्ववत जारी रहेगा। यह व्यवस्था मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशित प्रावधानों के अनुसार लागू है। उक्त मार्ग पर उपभोक्ता शुल्क संग्रहण के लिए पूर्व में कार्यरत ठेकेदार का अनुबंध 25 2026 को समाप्त हो गया है। इसके बाद मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के निर्देशानुसार 25 जुलाई 2026 की प्रातः 8 बजे से विभागीय स्तर पर कर्मचारियों के माध्यम से व्यावसायिक वाहनों से उपभोक्ता शुल्क का संग्रह किया जा रहा है।

## गाडरवारा नगरपालिका के कर्मचारियों पर रोजी-रोटी का संकट

**नवभारत/ गाडरवारा।** गाडरवारा नगरपालिका के कर्मचारियों को पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिलने के कारण आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। नियमित आय बंद होने से कर्मचारियों के सामने परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है। कई कर्मचारी आवश्यक खर्च पूरे करने के लिए कर्ज लेने को मजबूर हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। आने वाले त्योहारों को लेकर भी कर्मचारियों की चिंता बढ़ गई है। उनका कहना है कि वेतन नहीं मिलने से बच्चों की पढ़ाई, घर का खर्च, बैंक की किस्तें और दैनिक जरूरतें पूरी करना कठिन हो गया है।



### कर्मचारियों और उनके परिवारों की परेशानियां

त्योहारों के दौरान अतिरिक्त खर्च की चिंता ने कर्मचारियों और उनके परिवारों की परेशानियां और बढ़ा दी हैं। कर्मचारियों का कहना है कि समय पर वेतन मिलना उनका अधिकार है, लेकिन लगातार तीन माह से भुगतान नहीं होने के कारण मानसिक तनाव और आर्थिक असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने शासन और संबंधित अधिकारियों से जल्द से जल्द लंबित वेतन का भुगतान कराने की मांग की है, ताकि उन्हें राहत मिल सके और वे अपने परिवार का पालन-पोषण सम्मानपूर्वक कर सकें।

## एक नजर में

### गुरु पूर्णिमा महोत्सव में मुख्यमंत्री करेंगे सम्मानित

**नरसिंहपुर।** लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव-2026 में उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए नरसिंहपुर जिले के दो प्राचार्यों का राज्य स्तरीय सम्मान के लिए चयन किया गया है। यह सम्मान 29 जुलाई 2026 को प्रातः 10 बजे शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय, उज्जैन में आयोजित सांदीपनि अलंकरण समारोह में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में प्रदान किया जाएगा। नरसिंहपुर जिले से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमगांवबड़ा के प्राचार्य लेखराम पाराशर तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इमझिरा की प्राचार्य सीमा मिश्रा का चयन हुआ है।

### जिले में अब तक 319 .4 मिमी अर्थात 12 .57 इंच वर्षा दर्ज

**नरसिंहपुर,।** नरसिंहपुर जिले में एक जून से 28 जुलाई तक की अवधि में औसत रूप से कुल 319 .4 मिमी अर्थात 12 .57 इंच वर्षा दर्ज की गयी है। 28 जुलाई की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन तहसील नरसिंहपुर में 3 मिमी, गाडरवारा में 14 मिमी, गोटेगांव में 10 मिमी, करेली में 2 मिमी और तेंदूखेड़ा में 6 मिमी वर्षा आंकी गई है। तहसीलदार भू-संसाधन एवं प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 जुलाई तक तहसील नरसिंहपुर में 338 मिमी, गाडरवारा में 362, गोटेगांव में 221 मिमी, करेली में 286 मिमी और तेंदूखेड़ा में 390 मिमी वर्षा आंकी गई है।

### मूंग के स्लॉट बुक करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**नरसिंहपुर।** राज्य शासन की उपार्जन नीति के तहत भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) अंतर्गत विपणन वर्ष 2026-27 के लिए जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द का समर्थन मूल्य पर उपार्जन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुचारु रूप से जारी है। यह उपार्जन कार्य 10 अगस्त 2026 तक संचालित किया जाएगा। किसानों की सुविधा के लिए जिले में 23 उपार्जन केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जहां समर्थन मूल्य पर खरीदी का कार्य लगातार किया जा रहा है। अब तक 37 हजार 290 किसानों ने स्लॉट बुक करा लिया है। इनमें से 13 हजार 611 किसानों से 90 हजार 830 क्विंटल मूंग एवं उड़द का समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया जा चुका है।

### शिक्षक डीसी नामदेव का देवलोक गमन

**गोटेगांव।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक समाज सेवी शिक्षक कॉलोनी निवासी सेवानिवृत शिक्षक डीसी नामदेव का आकस्मिक देवलोक गमन हो गया है, आप सहज सरल मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे, वे सौरभ नामदेव के पूज्य पिता श्री थे, आपके देवलोक गमन का समाचार प्राप्त होतेही परिवारजनों व शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त हो गया,अंतिम संस्कार शव यात्रा में सभी वर्ग समुदाय के लोगों सहित विभिन्न राजनैतिक सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के जनप्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर दाह संस्कार करने के उपरांत उपस्थित जनों ने श्री नामदेव जी की दिवंगत आत्मा की शांति हेतु अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतृप्त परिवार जनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त कर शोकाकुल परिवार जनों को इस गहन दुख सहन करने हेतु परम पिता परमात्मा से प्रार्थना की।

## सूखाखेरी में युवा कौशल प्रदर्शनी आयोजित, विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर

**नवभारत/ गाडरवारा।** विकासखंड चीचली के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सूखाखेरी में गत दिवस युवा कौशल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में व्यावसायिक पाठ्यक्रम से जुड़े विद्यार्थियों ने कृषि एवं सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) विषयों पर आकर्षक पोस्टर तैयार कर अपने ज्ञान और कौशल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी शिक्षा, व्यावसायिक कौशल विकास तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। साथ ही व्यावहारिक शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को भविष्य में अपने



कौशल का बेहतर उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के प्राचार्य महेंद्र सिंह पटेल, डॉ. संदीप कुमार मेहरा, सोनू कुमरे, नितेंद्र प्रताप सिंह राजगोंड, अमित मेहरा, सुश्री नीति कौरव एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## साईकिल बनी बेटियों के सपनों की नई उड़ान

**नवभारत/गाडरवारा।** मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत मंगलवार को विकासखंड चीचली के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली, शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय कठौतिया, रायपुर एवं तेंदूखेड़ा में भव्य कार्यक्रम आयोजित कर पात्र छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। साइकिल मिलने पर छात्राओं के चेहरों पर खुशी और उत्साह झलक उठा। छात्राओं ने कहा कि अब विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी, समय की बचत होगी और वे नियमित रूप से पढ़ाई कर अपने सपनों को साकार कर सकेंगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी अनुज प्रताप सिंह तथा विशिष्ट अतिथियों में जिला भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व



जनपद अध्यक्ष मुकेश मरैया, मंडल अध्यक्ष नरेश कौरव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का विद्यालय परिवार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि अनुज प्रताप सिंह ने कहा कि निःशुल्क साइकिल वितरण योजना केवल एक साइकिल देने की योजना नहीं, बल्कि बेटियों के आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, परिश्रम, सकारात्मक सोच और नियमित अध्ययन को अपनाकर जीवन में आगे बढ़ने का आह्वान किया। जिला भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष मुकेश मरैया ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज और राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है तथा छात्र हितैषी योजनाएं ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए।

## श्री सांई दरबार में आज मनाया जायेगा गुरूपूर्णिमा महोत्सव

**नवभारत/करेली।** ऊँ साँई राम के जयकारों से गुंजायमान हो रहा है मालपानी नगर स्थित श्री साँई मंदिर। आज 29 जुलाई बुधवार को गुरूपूर्णिमा के पावन पर्व पर श्री साँई मंदिर मे प्रात:काल पाँच बजे कांकड आरती से कार्यक्रम की शुरुआत होगी तो मंदिर के प्रधान पुजारी पं.अभिषेक शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्री गणेश, श्री महादेव व श्री साँई का पूजन अर्चन मुख्य यजमान द्वारा किया जायेगा।अपरांह बेला में माध्यान्ह आरती के बाद महाप्रसादी का वितरण समस्त भक्तों के लिए अनवरत जारी रहेगा। संध्या काल धूप आरती पश्चात नगर की अग्रणी धार्मिक संस्था युवक आध्यात्म मंडल के गायक



कलाकार द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ व श्री साँई भजन संध्या का आयोजन भी किया गया है।श्री साँई बाबा की शेजारती के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।आयोजन में श्री साँई नाथ मानव सेवा संस्थान सदस्यों ने समस्त सांई भक्तों, नगरवासियों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

## भ्रामक एवं आपत्तिजनक फेसबुक पोस्ट के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**नवभारत/ साईंखेड़ा।** लोकसभा क्षेत्र नरसिंहपुर-नर्मदापुरम के सांसद दर्शन सिंह चौधरी के संबंध में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर कथित रूप से भ्रामक, आपत्तिजनक एवं मृत्यु संबंधी झूठी जानकारी प्रसारित किए जाने के विरोध में साईंखेड़ा थाने में ज्ञापन सौंपकर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि 27 जुलाई 2026 को फेसबुक पर नामक प्रोफाइल से सांसद दर्शन सिंह चौधरी को लेकर एक आपत्तिजनक पोस्ट प्रकाशित की गई। आरोप है कि पोस्ट में सांसद के संबंध में असत्य एवं भ्रम फैलाने वाली बातें लिखी गईं, साथ ही उनकी तस्वीर पर शांति लिखकर उसे इस प्रकार



प्रस्तुत किया गया, जिससे आमजन में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। आवेदन में कहा गया है कि इस प्रकार की पोस्ट न केवल एक जनप्रतिनिधि की सामाजिक एवं सार्वजनिक छवि को धूमिल करने का प्रयास है, बल्कि उनके समर्थकों, कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों के बीच अनावश्यक भ्रम और मानसिक पीड़ा भी उत्पन्न कर सकती है। ज्ञापन में इसे लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विपरीत बताते हुए सोशल मीडिया के दुरुपयोग का गंभीर मामला बताया गया है। आवेदनकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन से मांग की है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में रात भर ब्लैकआउट

▶ उपभोक्ता मच्छरों के दंश और उमस भरी गर्मी से परेशान

**नवभारत/ तेंदूखेडा** इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत विभाग की लचर कार्यप्रणाली और मनमाने शेड्यूल के चलते आम जनता परेशान हो रही है। स्तिथि यह है विद्युत आपूर्ति किसी शिड्यूल से नहीं बल्कि विभाग की कर्मचारियों के अनुसार चलती है। हमारे प्रतिनिधि को ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं ने बताया कि हालात ऐसे बन चुके हैं कि एक घंटा बिजली एक घंटा गुल का सिलसिला चल रहा है। जिससे ग्रामीण और शहरी दोनों ही इलाके त्रस्त हैं।



**व्हाट्सएप ग्रुपों में आ रहे रोस्टर के मैसेज, जनता परेशान:** बिजली सप्लाई से जुड़े आधिकारिक और स्थानीय व्हाट्सएप ग्रुपों पर लगातार लोड शेडिंग% और मेंटेनेंस के नाम पर बिजली कटौती के संदेश तैर रहे हैं। कभी सुबह 5=30 से 06=30 तो कभी 07=30 से 08=30 बजे तक और अब रात को 10 से 11 बजे तक बिजली गुल रहने के संदेशों ने उपभोक्ताओं का रोष बढ़ रहा है। एक एक घंटे के अंतराल पर हो रही इस बार बार की कटौती ने लोगों के रोजमर्रा के कामकाज को पूरी तरह पटरी से उतार दिया है।

### गर्मी और उमस में बढ़ रही मुसीबत

अघोषित और लगातार हो रही बिजली कटौती के कारण बच्चों बुजुर्गों और बीमारों का बुरा हाल है। इस चिपचिपी गर्मी और उमस भरे मौसम में बिजली का भरोसा न होने से छोटे-छोटे कारोबारियों, दुकानदारों और विद्यार्थियों की पढ़ाई पर भी भारी असर पड़ रहा है। इनवर्टर भी जवाब दे चुके हैं, क्योंकि उन्हें चार्ज होने का मौका ही नहीं मिल रहा है।

### जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ रहा विभाग

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि मेंटेनेंस के नाम पर रोज़-रोज़ का यह ड्रामा समझ से परे है। जनता समय पर बिल का भुगतान कर रही है, लेकिन बदले में उन्हें केवल मानसिक तनाव और अंधेरा मिल रहा है। उपभोक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि बिजली आपूर्ति में जल्द सुधार नहीं किया गया तो विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा।

## जमीन विवाद में दो पक्षों में झड़प, एक व्यक्ति गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर

**नवभारत/ साईंखेड़ा।** साईंखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम मुआर में सोमवार को जमीन संबंधी पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई, जिसमें एक 52 वर्षीय व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए नरसिंहपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा था। इसी विवाद के चलते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और विवाद बढ़ने पर मारपीट की घटना हो गई। घटना में एक व्यक्ति को गंभीर चोटें आई।



परिजनों ने तत्काल उन्हें साईंखेड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल नरसिंहपुर रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही साईंखेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर दोनों पक्षों से पूछताछ शुरू कर दी है।

## 16 ग्राम पंचायतों में लगेंगे ई-केवायसी व योजना पंजीयन शिविर

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** जिले में विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाने तथा पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी, समग्र ई-केवायसी एवं विभिन्न योजनाओं के लंबित पंजीयन कार्यों को पूर्ण करने के उद्देश्य से कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशन में आज 29 जुलाई 2026, मंगलवार को जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। यह शिविर जनपद पंचायत नरसिंहपुर, गोटेगांव एवं चांवरपाठा की ग्राम पंचायतों में लगाए जाएंगे। शिविर वाली ग्राम पंचायतें जनपद पंचायत नरसिंहपुर रानीपिपरिया, रातामाटी, रौंसरा, सगौनीखुर्द, शहजपुरा जनपद पंचायत गोटेगांव रोहिया,



सालीवा ?ा, सांकल, सर्रा, सिवनी बंधा जनपद पंचायत चांवरपाठा रमपुरा, स ?ूमर, सगौनी, सगोरिया, सिहोरा, सिमरियाकलां

**शिविर में किए जाएंगे ये कार्य:** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के जीआरएस के माध्यम से ग्रामीणजनों की ई-केवायसी एवं समग्र ई-केवायसी की जाएगी। डुप्लीकेट, मृतक एवं स्थायी रूप से पलायन कर चुके व्यक्तियों के नाम विलोपित करने की कार्रवाई तथा एक आधार से लिंक एकाधिक समग्र आईडी का निराकरण किया जाएगा। इसके अलावा पटवारियों द्वारा किसानों का यूनिक फार्मर आईडी पंजीयन, पोस्टमैन के माध्यम से आधार कार्ड अपडेटद्य, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा आयुष्मान कार्ड निर्माण तथा आजीविका मिशन के माध्यम से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के आवेदन भी भरवाए जाएंगे। प्रशासन ने सभी पात्र हितग्राहियों से अपील की है कि वे अपने आधार कार्ड, समग्र आईडी एवं बैंक पासबुक के साथ शिविर स्थल पर पहुंचकर योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करें।

## आज बरहटा में श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाई जाएगी गुरुपूर्णिमा

**नवभारत/ गोटेगांव।** सनातन धर्म की शाश्वत परंपरा के अनुसार गुरु-शिष्य संबंध ही जीवन का मूल आधार है। इसी भाव को आत्मसात करते हुए श्री राजयोग आश्रम, शंकराचार्य बाल लीला धाम, बरहटा में इस वर्ष आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा, आज गुरुपूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ मनाया जाएगा। आश्रम प्रभारी श्री सोमेश्वरानंद ब्रह्मचारी जी महाराज के विशेष मार्गदर्शन में आयोजित इस पावन दिवस परमाराध्य सनातन धर्म के उन्नायक, धर्मसम्राट्, अनंत श्री विभूषित, ज्योतिष् एवं द्वारका-शारदा पीठाधीश्वर, जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज



के श्रीचरण पादुकाओं का पूजन गुरुसपर्या पद्धति के अनुसार सम्पन्न होगा। वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद एवं पुष्पांजलि के साथ श्री गुरुदेव भगवान का पूजन, अर्चन एवं पावन स्मरण किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 10=00 बजे मंदिर त्रैलोक्य सुंदरी श्री मां भगवती सिंहवाहिनी देवी, श्री राजयोग आश्रम, बरहटा में आयोजित होगा। गुरु ही ब्रह्मा, गुरु ही विष्णु, गुरु ही साक्षात महेश्वर हैं।

**भूमिपूजन** ▶ कौडिया स्कूल में 42 लाख की आधुनिक प्रयोगशाला का भूमिपूजन

## 26 विद्यार्थियों को मिली नि :शुल्क साइकिलें

**नवभारत/ गाडरवारा।** ग्राम कौडिया के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को ?42 लाख की लागत से बनने वाली आधुनिक विज्ञान प्रयोगशाला का विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमिपूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल ने भूमिपूजन किया तथा मध्यप्रदेश शासन की नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत 26 छात्र-छात्राओं को साइकिलें वितरित कीं। इस अवसर पर विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल ने कहा कि नई प्रयोगशाला विद्यार्थियों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण



विज्ञान शिक्षा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे छात्रों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और प्रयोगात्मक ज्ञान को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएँ उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

कार्यक्रम में हरिप्रताप ममार, राजकुमार रघुवंशी, रमाकांत शर्मा, ब्रजेंद्र अग्रवाल, केशव प्रसाद दीक्षित, अशोक पटेल, योगेंद्र अग्रवाल, अरविंद जगाती, मुकेश पटेल, जनपद सदस्य भागवेंद्र कौरव, मंडल अध्यक्ष ईश्वर गुर्जर, ऋषिराज ममार, राजेंद्र ढिमोले, पंकज शर्मा, प्रणव पाराशर, मोनू ममार, अजीत कौरव, रमाकांत कौरव, संदीप पटेल, लवकुश गुर्जर, नारायण सिंह कौरव, सरपंच संतोष मेहरा, सीताराम जसपुरिया, भैयाजी टेकन, विद्यालय के प्राचार्य प्रसन्न कौरव, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## गुरु के प्रति सम्मान समर्पण का पर्व गुरु पूर्णिमा आज

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा** पुराण महाभारत और अनेकों शास्त्रों के रचयिता महर्षि वेदव्यास के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाने वाला व्यास पूर्णिमा का पर्व आषाढ़ की पूर्णिमा को पूरे भारत में गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है।यह हमारे सनातन की महत्वपूर्ण गुरु शिष्य परम्परा को अक्षुण्ण और जीवन्त बनाये रखने वाला पर्व है। सर्वप्रथम व्यास जी ने अपने शिष्यों को वेद पुराण उपनिषद और अन्यान्य शास्त्रों की शिक्षा दी। उसी समय से आदिगुरु व्यास जी के जन्मोत्सव व्यास पूर्णिमा का यह पर्व गुरुजनों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। पौरोहित्य कर्मकाण्ड स्नातक आचार्य चतुष्टय प्रमोद पचौरी ने गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए



बताया कि गुरु हमारे जीवन के सच्चे मार्गदर्शक होते हैं। मनुष्यों में व्याप्त अज्ञान रूपी अंधकार को दूर करके ज्ञान रूपी प्रकाश से मानव जीवन को प्रकाशित करने वाले एक मात्र गुरु ही होते हैं। जीवन की उलझनों को दूर करके सुलझे हुए व्यक्तित्व के साथ आत्मबल मनोबल वृद्धि विवेक ज्ञानचेतना आध्यात्म प्रगतिऔर आत्मशक्ति को प्रदान करके धर्म अर्थ काम और मोक्ष आदि पुरुषार्थ चतुष्टय को प्रदान करने वाले एकमात्र गुरु ही होते हैं।

### निकलेगी सांई बाबा की शोभायात्रा

हमारी ऋषि परम्परा में गुरु को ब्रह्मा विष्णु और महेश से भी ऊपर माना जाता है। सद्गुरु मानव जीवन का एकमात्र आधार और प्रबंध होने के साथ एक नियंता का कार्य करते हैं। प्रत्येक व्यक्ति की सफलता के पीछे एक अच्छे गुरु का वरद हस्त होता है।आज आषाढ़ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा आज बुधवार को इस वर्ष गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जायेगा। प्रतिवर्ष की भांति नगर के एक मात्र सांई मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव गुरु पूर्णिमा पर्व पर मनकेडी वालों के मंदिर से दोपहर में एक विशाल शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से निकाली जाएगी।